Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding opening of three CGHS dispensaries in Gorakhpur, Uttar Pradesh-laid.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मैं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ जो पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है और वहाँ केंद्र सरकार के अनेक कार्यालय स्थित हैं । इसके साथ ही बहुत बड़ी संख्या में वहाँ केंद्र सरकार के पेंशनभोगी कर्मचारी भी निवास करते हैं लेकिन केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) का एक भी डिस्पेंसरी गोरखपुर में मौजूद नहीं है जिससे वहाँ सेवारत केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशन भोगी कर्मचारियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ कि गोरखपुर में तीन स्थानों पर CGHS डिस्पेंसरी की अविलंब स्थापना की जाए ताकि वहाँ कार्यरत और निवास करने वाली पेंशनभोगी कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके । आपका एक बार पुनः हृदय से आभार ।